उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ–226008

वेबसाइटः **hajcommittee.up.gov.in** ; ई–मेल : **hajcommittee.up@gmail.com**

पत्रांक : जी–।।/440/एस.एच.सी/2024 दिनांक : 07/10/2024

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

1. हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर–8 दिनांक 07 अक्टूबर, 2024 जारी किया गया है जिसमें हज–2025 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त रु 1,30,300/–जमा करने के निर्देश दिये गये हैं।
2. प्रथम किस्त दिनांक 08.10.2024 से 21.10.2024 तक जमा की जा सकेगी।
3. चयनित हज यात्री धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यू0पी0आई के माध्यम से जमा कर सकते हैं।
4. धनराशि हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया के खाते में भी जमा की जा सकती है, वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in व www.hajcommittee.up.gov.in पर उपलब्ध सूची में प्रत्येक कवर नम्बर के सामने अंकित बैंक रेफरेंस नम्बर को पे–इन–स्लिप डाउनलोड कर उसपर अंकित कर धनराशि जमा करना होगा।
5. धनराशि जमा कर पे–इन–स्लिप/ऑनलाइन जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट (वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारुप पर), स्वहस्ताक्षरित अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति उ0प्र0 राज्य हज समिति के उक्त पते पर डाक अथवा दस्ती दिनांक 23.10.2024 या उससे पूर्व जमा करना होगा।
6. चयन होने की सूचना प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस के माध्यम से भेजी गयी है।
7. मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट जनपद स्तर पर सरकारी एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा निर्धारित प्रारुप पर मान्य होगा।
8. अन्य किस्तें हवाई जहाज का किराया व अन्य व्ययों के निर्धारित होने पर अलग से सूचित किया जायेगा।

भवदीय,

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष/सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, हज कमेटी आफ इण्डिया, मुम्बई।
7. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त ई–सुविधा केन्द्र, समस्त जनपद, उ0प्र0।
9. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।
10. समस्त प्रशिक्षक, उ0प्र0।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी